# हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 8 अप्रैल 2024


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री


10 स्वार्थ और अमृत सिद्धि योग में होगी मां भगवती की पूजा अर्चना





10 सभी लोकसभा सीट जीतेगी भाजपाः डॉ. पुष्पा




## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित दबोचा

**जुलाना।** करसोला रोड से बाइक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गत 31 दिसंबर को गतौली गांव निवासी सोमबीर ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी करसोला चौंक पर बाइक रिपेयरिंग की दुकान है। किसी चोर ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था।

### लाखों की धोखाधड़ी के आरोप में चार नामजद

**कैथल।** कैथल शहर पुलिस ने अदालत के आदेश पर एक किसान के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के रूप में अनाज मंडी कैथल के चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में पयोदा गांव के सुरेंद्र कुमार ने शहर पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि वह कैथल की नई अनाज मंडी के बूथ नंबर 36 के जगदीश राय से लेनदेन करता था।

### हैफेड ने 14 हजार 600 सरसों के बैग खरीदे

**उचाना।** हैफेड द्वारा सरकारी खरीद पर अब तक 14 हजार 600 बैगों की खरीद की गई है। हैफेड मैनेजर सुनीता ने बताया कि 300 के करीब किसान अपनी सरसों की फसल हैफेड को बेच चुके है। किसान की फसल जो साफ, सुखी होती है उसको आते ही खरीदा जा रहा है। किसान मंडी फसल लेकर आए तो साफ, सुखी लेकर आए। सरसों की फसल बेचने के लिए पंजीकरण भी जरूरी है।

### मारपीट में एक घायल तीन के खिलाफ केस

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस ने मारपीट करने और जानलेवा हमला करने के रूप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव नैना के नवीन में ने अपनी शिकायत में रोक लगाया है कि 5 अप्रैल को मुफ्ती शोरूम के सामने राहुल, रितेश ढांडा और मनोज कोड़ा ने उस पर जानलेवा हमला किया।

### कर्मी बनकर टॉवर से उपकरण ले उड़े चोर

**जींद।** नरवाना मे टावर कर्मी बन कर पहुंचे युवक टावर से आरआरयू उपकरण को चोरी कर ले गए। शहर थाना नरवाना पुलिस ने सुपरवाइजर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टावर कंपनी के सुपरवाइजर गांव दालमवाला निवासी रणबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कंपनी द्वारा चमेला कालोनी में टावर लगाया गया है।

### घर से नकदी व जेवर चोरी के आरोपी दबोचे

**कैथल।** पूंडरी स्थित एक मकान से नकदी व जेवर चोरी करने के मामले की जांच चौकी पूंडरी पुलिस के एएसआई सुखबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी पूंडरी निवासी बलबीर सिंह, विक्रम व दीपक को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूंडरी निवासी निशु की शिकायत अनुसार 31 दिसंबर की रात अज्ञात ताला तोड नकदी व 4 तोले जेवर चोरी करके ले गए।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव ऐंचराखुर्द भट्ठे से महिला के गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### गांव शेरगढ़ में दंपती के साथ मारपीट की

**कैथल।** जिले के गांव शेरगढ़ में हुई मारपीट में पति-पत्नी घायल हो गए। शेरगढ़ के रामफल ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में रोक लगाया है कि 4 अप्रैल को गांव के ही सावन, नीरज, कृष्ण, राजेश और सुभाष ने मिलकर डंडों से मारपीट करते हुए उसे तथा उसकी पत्नी अंग्रेजों देवी को घायल कर दिया।

# कंप्यूटर प्रोग्रामर ने जानबूझकर लिखी थी चुनाव आयोग के पोर्टल पर गालियां

## पुलिस रिमांड के दौरान दोनों आरोपितों ने गुनाह कबूला, पुलिस ने अन्य कंप्यूटर आपरेटरों को दी क्लीन चिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल में चुनाव आयोग की वैबसाइट को हैक करने के मामले में रविवार को नया मोड आया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने रिमांड के दौरान कबूला की वैबसाइट हैक नहीं हुई थी बल्कि उन्होंने उस पर स्वयं अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। पुलिस की ओर से अब तक की गई जांच में सामने आया है कि इन आरोपियों ने एसडीएम कार्यालय नहीं, बल्कि घर पर बैठकर मोबाइल के माध्यम से यूजर आइडी का दुरूपयोग किया था। यह जानकारी डीएसपी मुख्यालय उमेद सिंह ने रविवार को साइबर थाना में आयोजित की प्रेसवार्ता में दी। वहीं, अब पुलिस ने अन्य सभी सस्पेंड कंप्यूटर ऑपरेटरों को मामले में क्लीन चिट दे दी है। पुलिस द्वारा रविवार शाम के समय पुलिस ने आरोपी जूनियर प्रोग्रामर शिवांग और प्रवीन को न्यायालय में पेश किया। इसमें पुलिस ने न्यायालय से पांच दिन का रिमांड हासिल करने की मांग की। साइबर पुलिस के एसएचओ इंस्पेक्टर शिवकुमार ने बताया कि पूरे मामले का मास्टरमाइंड शिवांग एसडीएम गुहला और कैथल के कार्यालय में कंप्यूटर प्रोग्रामर के तौर पर काम करता है। 3 अप्रैल को कैथल में आयोजित एनकोर पोर्टल की प्रशिक्षण में शिवांग भी गुहला से आकर शामिल हुआ था। प्रशिक्षण के दौरान उसने धोखे से पोर्टल का पासवर्ड चोरी कर लिया। इसका मकसद एसडीएम कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर्स को रंजिश में फंसाना था। इस काम में उसकी मदद पशुपालन विभाग में ग्रुप डी के कर्मचारी प्रवीन ने की। दोनों ने मिलकर 3 अप्रैल की रात को ही राधा स्वामी कॉलोनी के शिवांग के घर पर धोखे से चुराए गए पासवर्ड का प्रयोग कर मोबाइल पर निर्वाचन आयोग का पोर्टल खोला। रैली की अनुमति मांगने के लिए जिस आवेदन का इस्तेमाल कर उन्हें प्रशिक्षण दिया तो वह खुला हुआ था। दोनों ने मिलकर जानबूझकर उसे आवेदन पर गलत कमेंट किया और गालियां लिख दी।

चुनाव आयोग की साइट हैक करने का मामला



बड़ी कार्रवाई

आप की चुनावी रैली की परमिशन को रद किया उस पर गालियां लिख दी थी

### कैथल एसडीएम कम सहायक निर्वाचन अधिकारी ब्रह्म प्रकाश निलंबित, दो पकड़े

पांच कर्मचारियों को पहले ही किया जा चुका सस्पेंड

कैथल (हरिभूमि न्यूज)। चुनाव आयोग की वेबसाइट हैक करने व आम आदमी पार्टी द्वारा मांगी गई रैली की अनुमति को लेकर अभद्र गालियां लिखकर रैली की परमिशन रद्द करने के मामले में चुनाव आयोग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कैथल के सहायक चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम ब्रह्म प्रकाश को निलंबित कर दिया है। पुलिस ने शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के दस्तावेज खंगाले व मामले में संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग के कंप्यूटर ऑपरेटर शिवांग और उसके दोस्त प्रवीण को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ में जुटी है।

#### यह है मामला

बृहस्पतिवार को आप नेता शुमन ने कैथल में रैली करने को लेकर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अनुमति मांगी थी। वेबसाइट ऑपरेट करने वाले वाले कंप्यूटर ऑपरेटर ने अनुमति देने के स्थान पर अभद्र गालियां दी और हरियाणवी भाषा का अभद्रता से प्रयोग किया। इसके बाद रैली की अनुमति नहीं दी। बाद में अधिकारियों ने वेबसाइट हैक करने का मामला बताया। शुक्रवार को साइबर पुलिस ने एक जूनियर इंजीनियर सहित पांच कर्मचारियों को सस्पेंड किया था। साइबर सेल प्रभारी शिव कुमार ने बताया कि हम जांच कर रहे हैं।

#### कमेंट को डिलीट नही किया

अगले दिन चार अप्रैल को सुबह भी उन्होंने दूसरे आवेदन पर गालियां लिखी। उन्हें यह बात अच्छी से पता थी कि जो कमेंट उन्होंने लिखे हैं। उसे डिलीट नहीं किया जा सकता। पांच अप्रैल को घटना का पता लगने पर एसडीएम ने अपने कार्यालय के पांच कंप्यूटर ऑपरेटर को सस्पेंड कर दिया था। इसके बाद इस मामले में छह अप्रैल को हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी ने कैथल के सहायक निर्वाचन अधिकारी कम एसडीएम ब्रह्म प्रकाश को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

## योजना पर खर्च किए जाएंगे 30 करोड़ रुपये

# दूषित पानी को ट्रीट करके धरतीपुत्रों को दिया जाएगा

### सिंचाई विभाग ने गांव ईंटल खुर्द के पास रिजर्ववायर (तालाब) बनाया

### प्रतिदिन 15 मिलियन लीटर निकलता है सीवरेज पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद शहर से प्रतिदिन 15 मिलियन लीटर सीवरेज का गंदा पानी निकलता है। इस पानी को बेहतर तरीके से ट्रीट कर आसपास के गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए दिए जाने की योजना है। इस योजना के तहत सिंचाई विभाग द्वारा गांव ईंटल खुर्द के पास रिजर्ववायर (तालाब) बनाया गया है। सीवरेज के पानी को ट्रीट कर पाइप लाइन के माध्यम से यहां लाया जाएगा और फिर स्टोर किया जाएगा और यहां से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इस प्रोजक्ट पर करीब 30 करोड़ रुपये की राशि खर्च होनी है। गांव ईंटल खुर्द में सिंचाई विभाग द्वारा 10 एकड़ जमीन पर रिजर्ववायर सिस्टम बनाया गया है। एसटीपी से जेडी-6 एक के साथ-साथ 500 एमएम डाया की साढ़े 9 किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड पाइप लाइन दबाई जाएगी। जिसके जरिये एसटीपी से निकलने वाले पानी को रिजर्ववायर में स्टोरेज किया जाएगा। यहां से ईंटल खुर्द, संगतपुरा और जाजवान के खेतों में पहुंचाया जाएगा। सिंचाई विभाग द्वारा यहां पांच एकड़ में सोलर पैनल लगाया जाएगा तो पांच एकड़ में रिजर्वायर रहेगा। सोलर पैनल की क्षमता 975 किलोवाट के करीब रहेगी। यहां 48 मोटर रखी जाएंगी, जिनमें 43 मोटर चलेंगी और पांच मोटर को स्टैंडबाई में रखा जाएगा। खेतों में हर दो एकड़ पर नाका छोड़ा जाएगाए जहां से किसान कनेक्शन कर के अपने खेत तक पानी लेकर जाएंगे।



**जींद।** गांव ईंटल के पास विभाग की साइट, जहां पानी स्टोर किया जाएगा।

#### सुक्ष्म सिंचाई योजना को बढ़ावा देने का प्लान

सिंचाई विभाग के जेई राजेंद्र खत्री का कहना है कि इस योजना के जरिए सरकार का सुक्ष्म सिंचाई योजना को बढ़ावा देने का प्लान है। सिंचाई विभाग द्वारा पाइप लाइन दबाने से लेकर पानी के स्टोरेज का काम किया जाएगा। इसके बाद इच्छुक किसानों की डिमांड पर उनके खेतों तक काडा द्वारा टपका या फव्वारा सिस्टम स्थापित किया जाएगा।

#### लेबर आ चुकी

कंस्ट्रक्शन डिवीजन नंबर 28 सिंचाई विभाग के एक्सईएन अजय ने बताया कि जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से रोजाना 15 एमएलडी पानी लिया जाएगा। जिसे आसपास के गांवों के खेतों में सिंचाई के लिए प्रयोग किया जा सकेगा। भविष्य में पानी की जरूरत बढ़ी तो इसकी क्षमता को बढ़ा दिया जाएगा। किसानों को बहुत लाभ पहुंचेगा। किसानों के खेतों से गेहूं की फसल कटते ही अगले माह से भूमिगत पाइप लाइन दबाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। लेबर भी आ चुकी है तो इसी सप्ताह पाइप आ जाएंगे।

# पुलिस-अर्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च

■ मतदाता निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

किठाना, कसान व सौंगरी गुलियाणा में लोकसभा चुनाव के मध्य नजर अर्धसैनिक बल व राजौंद पुलिस, किठाना चौंकी पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। राजौंद थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार व किठाना चौंकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर जयभगवान की अध्यक्षता में पुलिस व अर्ध सैनिक बल ने यह फ्लैग मार्च निकाला। मार्च राजौंद खंड के विभिन्न गांव में निकाला। राजौंद थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन व सुरक्षा बलों द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने चुनाव को लेकर मतदाताओं से अपील कि वह निर्भीक होकर अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करे। उन्होंने फ्लैग मार्च निकालते हुए लोगों को निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव प्रक्रिया संपन्न करने का विश्वास दिलाया तथा शांतिपूर्वक मतदान करवाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी अपने मत का प्रयोग जरूर करें। किसी के बहकावे व दबाव में आकर अपने मत का प्रयोग न करें।



**राजौंद।** पुलिस व अर्धसैनिक बल फ्लैग मार्च निकालते। *फोटो :हरिभूमि*



**राजौंद।** अनाज मंडी में सरसों की फसल। *फोटो :हरिभूमि*

### वेयरहाउस ने खरीदी 151 क्विंटल सरसों

**राजौंद।** अनाज मंडी सरसों की खरीद जारी। राजौंद अनाज मंडी में शनिवार को 151 क्विंटल ने सरसों की फसल वेयर हाउस ने खरीद की। जबकि गेहूं की अभी तक कोई ढेरी मंडी में नहीं आई है। हैफेड द्वारा सरसों की खरीद 443 क्विंटल खरीद की। इस बारे जानकारी देते हुए मार्केट कमेटी के सचिव ओमप्रकाश ने बताया कि सातवें दिन भी गेहूं की फसल नहीं आई। उन्होंने बताया की सरसों खरीद निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि खरीद एजेंसी द्वारा सरकारी रेट 5650 प्रति क्विंटल के हिसाब से सरसों की खरीद की जा रही है। उस डेरी की खरीद साथ की साथ की जा रही है। उन्हेंने किसानों से आह्वान किया है कि वह सरसों की फसल को सुखाकर लाएं ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। इसके अलावा सचिव ने बताया कि यहां गेहूं खरीद के के लिए खरीद एजैंसी खाद्य आपूर्ति व हैफेड दो खरीद एजेंसी नियुक्त की हुई हैं।

### ब्लैक फिल्म लगे बारह वाहनों के काटे चालान

**जींद।** गत एक अप्रैल से सात अप्रैल तक पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत सिंह कपूर, पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाइवे हरियाणा हरदीप सिंह दून के आदेशानुसार व एसपी जींद सुमित कुमार के नेतृत्व में गाडियों पर ब्लैक निऊल्म लगा कर चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत 12 वाहनों के चालान काटे गए। प्रबंधक थाना यातायात जींद इंस्पेक्टर शमशेर सिंह ने बताया कि एसपी सुमित कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व अपराधों की रोकथाम के लिए दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म लगा कर गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों को जागरूक किया गया व आवश्यक कारवाई की गई है। इस अभियान के तहत जींद यातायात पुलिस ने 12 गाड़ियों के जिनके शीशे पर ब्लैक फिल्म लगी थी चालान किए गए। आगे भी इस अभियान के तहत चालान काटे जाएंगे।

# संगीता विश्व स्तरीय कान्फ्रेंस के लिए इटली रवाना

■ कान्फ्रेंस के लिए पूरे भारत से तीन ही सदस्य चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

भाकियू जिला प्रवक्ता रामराजी पोंकरीखेड़ी की बेटी संगीता ढुल ने अपनी खाप और देश का नाम रोशन किया है। संगीता ढुल ने फिजिक्स कंप्यूटिंग में दिल्ली युनिवर्सिटी से पीएचडी कर रही है। संगीता दिल्ली युनिवर्सिटी से विश्व स्तरीय कान्फ्रेंस के लिए इटली रवाना हो गई है। इस कान्फ्रेंस के लिए पूरे भारत से तीन ही सदस्य चयनित हुए हैं। जिनमें हरियाणा से संगीता ढुल अकेली हैं। एक साधारण किसान परिवार से होते हुए तथा गांव के छोटे से स्कूल से पढ़ाई शुरू करके संगीता ने अपनी मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। वह हर कक्षा में हमेशा अव्वल रही है। किसान की बेटी जब अपनी पर आ जाए तो वो बड़े से बड़ा मुकाम हासिल कर लेती है। बस उन पर विश्वास करने की जरूरत है। किसान नेता रामराजी ने कहा कि आज बेटा-बेटी में कोई फर्क नहीं है। आज लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों से आगे हैं। इसके साथ ही उपलब्धियों के इस दौर में लड़कियां हर जगह पुरूषों से आगे निकल रही हैं। घरेलू कार्य से लेकर जोखिम भरे कायार्ं में महिलाएं अपनी अदम्य शक्ति का परिचय दे रही हैं। उन्हें इस होनहार बच्ची पर बहुत गर्व है और दूसरी लड़कियों को भी इन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल बेटियां अपने अदम्य साहस के बल पर अपनी पहचान बना रही हैं। हर क्षेत्र में लड़कियां आगे निकल कर आ रही हैं। बेटियां बोझ नहीं बल्कि लक्ष्मी होती हैं। जो अपने को स्थापित करने के अलावा दो परिवारों का मार्ग दर्शन करती हैं।



**जींद।** बेटी को इटली के लिए रवाना करते रामराजी ढुल।

### रामबख्श कॉलोनी से लापता किशोर हरिद्वार से बरामद

**जींद।** रामबख्श कालोनी से गायब हुआ किशोर हरिद्वार में सुरक्षित मिल गया है। जिसके साथ परिजनों ने राहत की सांस ली है। किशोर हरिद्वार कैसे पहुंचा, घर पहुंचने के बाद ही खुलासा हो पाएगा। रामबख्श कालोनी निवासी सत्यवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका 13 वर्षीय बेटा गत दिवस स्कूल से आने के बाद दोपहर को साइकिल लेकर घर से खेलने के लिए घर से निकला था। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटा। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसके बेटे का कोई सुराग नही लगा। सत्यवान ने आरोप लगाया कि उसके घर से नगदी, सोने के जेवरात, चांदी के सिक्के भी गायब हैं। शहर थाना पुलिस ने सत्यवान की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। परिजन किशोर को तलाश ही कर रहे थे कि उन्हें सूचना मिली कि किशोर हरिद्वार में है। जिस पर परिजनों ने राहत की सांस ली ओर हरिद्वार के लिए रवाना हो गए। फिलहाल यह खुलासा नही हुआ कि किशोर को कोई अपने साथ ले गया था या खुद ही हरिद्वार पहुंच गया।

# पैसों के लेनदेन के चलते की थी नप चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने आत्महत्या

■ 22 दिन बाद रेलवे पुलिस ने दर्ज किया अज्ञात के खिलाफ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद-जंक्शन तथा बरसोला रेलवे स्टेशन के बीच 22 दिन पहले नप चतुर्थ श्रेणी कर्मी द्वारा रेलगाड़ी के आगे आत्महत्या करने के मामले में रेलवे पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है रेलवे पुलिस 14 मार्च को दिल्ली-भठिंडा रेलवे लाइन पर जींद तथा गांव बरसोला रेलवे स्टेशनों के बीच जींद नगर परिषद में चतुर्थ श्रेणी कर्मी गांव पेगां निवासी कुलदीप (30) का शव बरामद किया था। मृतक के पिता चांदी राम ने कुलदीप की मौत पर संदेह जताया था। रेलवे पुलिस ने उस दौरान शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया था और मामले की जांच शुरू कर दी थी। मृतक कुलदीप के पिता चांदी राम ने रेलवे पुलिस को बताया कि उसके बेटे के पास अनजान व्यक्ति कॉल कर रुपयों की डिमांड करता था। जिसमें से उसके बेटे ने दस लाख दे चुका था। दो माह से एचडीएफसी बैंक के रिकवरी एजेंट भी उसके बेटे को परेशान कर रहे था। परेशान हो उसका बेटा नौकरी भी छोड़ना चाहता था। उन्ही लोगों से परेशान होकर उसके बेटे ने आत्महत्या की थी। रेलवे पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी विनोद ने बताया कि मृतक के पिता ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। जिसके आधार पर फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर लिया है।

## परमसंत सतगुरु ने राधास्वामी आश्रम में साध संगत को फरमाए वचन

# सत्संग की पहली सीढ़ी सेवा : कंवर साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

सत्संग की पहली सीढ़ी सेवा है तो दूसरी सीढ़ी प्रेम है। पहली दो सीढियां चढ़ने वाला ही सतगुरु के भाने हुक्म और मौज को समझ पाता है। जिस प्रेमी को सत्संग से प्रेम होता है वो सत्संग लाभ के लिए सारी दुख तकलीफों को भूल जाता है।सत्संग का पूर्ण लाभ और आनन्द भी प्रत्यक्ष दर्शन से ही होता है। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने कैथल के राधास्वामी आश्रम में साध संगत को फरमाए। हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि जो जीव अपने चौले की सार्थकता को समझ जाता है वही सत्संग की रमज को समझ पाता है। सत्संग को समझने के लिए हमें अपना सामाजिक जीवन सुधारना होगा।आज हमारा सामाजिक दर्शन ही बिगड़ा हुआ है। न बच्चे मां बाप की परवाह करते हैं न मां बाप बच्चों की नैतिक परवरिश करते हैं।आज युवा नशे की जकड़ में हैं।काम क्रोध का बोलबाला है। ऐसे में भक्ति में हमारा मन कैसे लगेगा। इसलिए यह आवश्यक है कि पहले हम मानसिक शांति को बनाये ताकि हमारा जगत और अगत सही बने।



**कैथल।** महाराजा कंवर साहेब सत्संग करते। *फोटो :हरिभूमि*

#### महापुरुषों की बानी कल्याणकारी

गुरु महाराज ने कहा कि नाम ने तो खण्ड ब्रह्मण्ड को तार दिया फिर हम क्यों नहीं तिरेंगे।कारण केवल एक है कि हमने नाम की न महता को समझा न इसके मर्म को जाना। नाम संतोष शांति परोपकार का बीज बोता है। अगर नाम लेकर भी आपकी भटकन नहीं मिटी तो समझो कि आप स्वयं के साथ ठगी कर रहे हैं। सन्त सतगुरु से नाम लेकर भी यदि आपके भरम नहीं मिटे तो मान लेना कि आपकी शरणागति में ही दोष है।उन्होंने कहा कि महापुरुषों की बानी तो जीव के लिए हर लिहाज से कल्याणकारी है।अगर नाम लेकर नाम की कमाई ही नहीं करोगे तो लाभ कैसे पाओगे। दुनियादारी और सन्तमत एक दूसरे के विपरीत है।

# नशा तस्कर 4.10 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एंटी नारकोटिक सेल द्वारा थाना सीवन क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 4.10 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान गांव खेड़ी गुलाम अली क्षेत्र में मौजूद थी।

सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि खेड़ी गुलाम अली निवासी सन्नी अपने घर के आस पास ग्राहको को हेरोइन (चिट्टा) बेचने का धंधा करता है। जो अब हैरोईन लेकर गांव अटेला की तरफ से पैदल आने वाला है। जिसको नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता है। पुलिस द्वारा तत्पर कार्रवाई करते हुए गांव से थोड़ा पहले नाकाबंदी की गई। वहां पैदल आए संदिग्ध सन्नी उपरोक्त को पुलिस टीम द्वारा काबू कर लिया गया। नियमानुसार कार्रवाई दौरान डीएसपी गुहला कुलदीप बेनीवाल के समक्ष संदिग्ध की ली गई तलाशी दौरान उसके कब्जे में एक पन्नी से 4.10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना सीवन में मामला दर्ज करके आरोपी को थाना से मौके पर पहुंचे एसआई अजमेर सिंह द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

**खबर संक्षेप**

### बैंक रोड पर मां भगवती का जागरण कल

**जींद ।** जयपुर से भजन गायक साक्षी अग्रवाल नौ अप्रैल को जींद आ रही हैं। साक्षी अग्रवाल बैंक रोड पर आयोजित जागरण में माता के भजनों का गुणगान करेंगी। शक्तिपीठ जय मां बनभौरी सेवा मंडल जींद द्वारा मां भगवती का विशाल जागरण नौ अप्रैल को बैंक रोड पर आयोजित किया जा रहा है। प्रधान दीपक गोयल ने बताया कि इस जागरण में जाने माने कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

### महाविद्यालय में मतदान जागरूकता सेमिनार

**सफीदों ।** राजकीय महाविद्यालय में मतदान जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार की अध्यक्षता प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। सेमीनार में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने कहा कि वोट का अधिकार उन्हें संविधान से प्राप्त है। भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां पर मतदान के विषय में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं है।

### 14 को बीआर अंबेडकर जयंती मनाई जाएगी

**जींद।** गुरु रविदास धर्मशाला सफीदों रोड में डा. बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी के प्रधान राजेश पहलवान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान राजेश पहलवान ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पहले की भांति बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। मेधावी छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

### यूथ ब्रिगेड के प्रदेशाध्यक्ष बने अमन ढांडा

**जींद।** गांव सुंदरपुर निवासी अमन ढांडा को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा. संजय लाठर के आदेश और मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ की सहमति के बाद अमन ढांडा को यह दायित्व दिया गया है।

### बाड़े का ताला तोड़कर भैंस चोरी, मामला दर्ज

**जींद ।** सफीदों में बीती रात चोरों ने पशुबाडे.का ताला तोड़ कर तीन भैंस को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने पशुपालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सफीदों निवासी अनुज ने शिकायत में बताया कि उन्होंने खेत में पशुबाडा बनाया हुआ है। उसके पिता सुरेंद्र रात को कार्यवश सब्जी मंडी में गया हुआ था। पीछे से चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर तीन भैंस को चोरी कर लिया।

### भाजपा सरकार किसान विरोधी : मनोज नचार

**उचाना।** किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मनोज नचार ने कहा कि भाजपा सरकार शुरू से ही किसान विरोधी रही है। सत्ता में आने के बाद किसानों की आमदन बढ़ाना तो दूर की बात है किसानों पर कर्ज बढ़ाने का काम किया। अपने हकों की मांग के लिए किसानों को दिल्ली जाने से रोका गया। किसान दिल्ली पहुंचे तो उनके रास्ते में कीले सड़क पर बिछाई गई।

### सोशल मीडिया पर रखी जाएगी कड़ी निगरानी

**जींद ।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सोशल मीडिया में आने वाले विज्ञापनों का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान समाचार पत्र, टेलीविजन और रेडियो जैसे सोशल मीडिया पर भी प्रचार किया जाता है।

### बीरेंद्र के कांग्रेस ज्वाइन पर पार्टी को होगा लाभ

**उचाना।** बीरेंद्र सिंह समर्थक राममेहर दनौदा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह का हरियाणा ही नहीं बल्कि आस-पास के राज्यों में जनाधार है। बीरेंद्र सिंह के समर्थकों की फौज हरियाणा के हर जिले में है। निश्चित रूप से केंद्र, प्रदेश से भाजपा सत्ता से बाहर होगी।

---

## चैत्र नवरात्र कल से प्रारंभ, 17 को रामनवमी पर माता की विदाई

# स्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग में होगी मां भगवती की पूजा अर्चना

**नौ अप्रैल को घट स्थापना का मुहुर्त समय सुबह 06 बजकर 2 मिनट से लेकर 10 बजकर 16 मिनट तक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इस बार चैत्र नवरात्र नौ अप्रैल को है और नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं ने अभी से तैयारियां करनी भी शुरू कर दी है। वहीं मंदिरों में विशेष रूप से सफाई की जा रही है। 17 अप्रैल को राम नवमी पर माता की विदाई होगी यानी नवरात्रि का समापन होगा। श्रद्धालु पूरे नौ दिन मां भगवती की पूजा करेंगे। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होती है। इस साल चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा तिथि आठ अप्रैल को देर रात 11 बजकर 50 मिनट से शुरू होगी। प्रतिपदा तिथि अगले दिन यानी 09 अप्रैल को संध्याकाल 08 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। हिंदू धर्म में उदया तिथि मान हैए इसलिए 09 अप्रैल को घटस्थापना है। नौ अप्रैल को घट स्थापना की जाएगी। जिसका समय सुबह 06 बज कर दो मिनट से लेकर 10 बज कर 16 मिनट तक होगा। इसके साथ ही 11 बज कर 57 मिनट से लेकर दोपहर 12 बज कर 48 मिनट तक भी घटस्थापना का मुहूर्त होगा। श्रद्धालु इन दोनों शुभ मुहूर्त में घट स्थापना कर सकते हैं।



जींद। जयंती देवी मंदिर में मां भगवती की प्रतिमा की सफाई करते पंडताइन। फोटो :हरिभूमि



जींद। चैत्र नवरात्र को लेकर जयंती देवी मंदिर में सजाया जा रहा मां भगवती का दरबार।

### दोनों ही योग श्रद्धालुओं के लिए विशेष फलदायी होंगे

इस बार चैत्र नवरात्रि के पहले दिन प्रतिपदा तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इस दिन अमृत और सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण सुबह 07 बजकर 32 से होगा। यह दोनों योग संध्याकाल 05 बजकर 06 मिनट तक है। दोनों ही योग श्रद्धालुओं के लिए विशेष फलदायी होंगे।

### ऐसे करें घटस्थापना

श्रद्धालु प्रतिपदा तिथि पर सुबह जल्दी स्नान करके पूजा का संकल्प लें। फिर पूजा चौकी पर कलश में जल भरकर रखें। इसके बाद कलश को कलावा से लपेट दें। फिर कलश के ऊपर आम और अशोक के पत्ते रखें। नारियल को लाल कपड़े से लपेट कर कलश के ऊपर रख दें। इसके बाद धूप-दीप जला कर मां दुर्गा का आह्वान करें। फिर मां दुर्गा की पूजा करेंगे।

### श्रद्धालुओं को नही आएगी कोई परेशानी : नवीन शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि चैत्र नवरात्रि को लेकर मंदिर में विशेष सफाई की जा रही है। श्रद्धालुओं को मां भगवती की पूजा अर्चना के लिए किसी तरह की कोई परेशानी नही आने दी जाएगी। मंदिर परिसर में सभी मूर्तियों को विशेष पौषाक पहनाई जा रही है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार यह वर्ष की पहली नवरात्रि होती है। इन नौ दिनों के दौरान व्रत और पूजन पूर्ण विधि विधान के साथ किया जाता है। मान्यता है कि नवरात्रि के समय मां पृथ्वी पर अपने भक्तों के बीच उपस्थित होती है। ऐसा योग साल में आने वाली चार नवरात्रियों के पर्व पर संभव होता है। इसीलिए नवरात्रि में पूजन को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। इस शुभ पर्व के दौरान आप किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत कर सकते हैं।

### ये रहेंगे चैत्र नवरात्रि के नौ दिन

पहला चैत्र नवरात्रि नौ 9 अप्रैल मंगलवार को श्रद्धालु मां शैलपुत्री की पूजा व घटस्थापना करेंगे। दूसरा नवरात्रि 10 अप्रैल बुधवार को मां ब्रह्मचारिणी, तीसरे नवरात्रि 11 अप्रैल वीरवार को मां चंद्रघंटा की पूजा, चौथे नवरात्र 12 अप्रैल शुक्रवार को मां कुष्मांडा, पांचवें नवरात्र 13 अप्रैल शनिवार को मां स्कंदमाता, छठे चैत्र नवरात्र 14 अप्रैल रविवार को मां कात्यायनी, सातवें चैत्र नवरात्रि 15 अप्रैल सोमवार को मां कालरात्रि, आठवें चैत्र नवरात्र 16 अप्रैल मंगलवार को मां महागौरी, दुर्गा महाअष्टमी, नौवें चैत्र नवरात्र 17 अप्रैल बुधवार को मां सिद्धिदात्री महानवमी और रामनवमी, दसवें नवरात्रि 18 अप्रैल वीरवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन होगा।

---



जींद। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री और श्रद्धालु। *फोटो :हरिभूमि*

## सोने से बनी मां जयंती देवी की प्रतिमा को खजाने से बाहर लाने की मांग उठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पांच दशक पहले जींद में सोने से बनी मां जयंती देवी की जिस प्रतिमा का दीदार करने के लिए पूरा शहर घरों और दुकानों से बाहर आ जाता था, ऐसा ही धर्म के प्रवाह से भरा हुआ नजारा नौ अप्रैल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रों में देखने को मिले, इसके लिए महाभारत कालीन मंदिर से बड़ी मांग उठी है। श्री जयंती देवी मंदिर सिद्धपीठ के पुजारी नवीन कुमार शास्त्री और श्रद्धालुओं ने रविवार को यह आवाज बुलंद की है। मंदिर पुजारी नवीन कुमार शास्त्री, श्रद्धालु ओमप्रकाश शर्मा, रोहित गोयल, कपिल गर्ग, इंद्रजीत कालरा, अजमेर गौतम, सुमित शर्मा, रजनीश आहुजा आदि मां के भक्तों ने कहा कि 1970 से पहले नवरात्रों के दिनों में सोने से बनी मां जयंती देवी की प्रतिमा के साथ पूरे जींद शहर में शोभा यात्रा निकाली जाती थी। उस समय मां के दीदार के दौरान बड़े उत्सव की महक दूर-दूर तक जाती थी। किंतु सरकार ने सोने से बनी मां जयंती देवी की प्रतिमा को सुरक्षा का हवाला देकर उसे सरकारी खजाने में रख दिया।

### अवैध पर्ची काटने वालों की दी शिकायत

जयंती देवी मंदिर के प्रांगण में एक दिन और एक ही समय दो-दो जागरणों को लेकर उठे सवाल के जवाब में पुजारी नवीन कुमार शास्त्री, श्रद्धालु ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि मंदिर श्रद्धालुओं द्वारा प्रशासन की अनुमति से जागरण किया जा रहा है। रही बात यदि मंदिर में कोई ओर जागरण कर रहा है तो वह पूरी तरह से अवैध है और जिसकी शिकायत एसपी कार्यालय में दी गई है। जो लोग जयंती मंदिर के नाम पर पर्ची काट रहे हैं, वह पूरी तहर से गलत है। इसकी शिकायत प्रशासन को कर दी गई है। प्रशासन को ही अवैध तौर पर पर्ची काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार है। अवैध पर्ची काटने वालों से आज तक हिसाब-किताब न लेना भी दुर्भाग्यपूर्ण बात है। ऐसे में प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। यदि अवैध पर्ची काटने वालों को नहीं रोका गया तो भविष्य में कोई भी किसी भी सरकारी संस्थान के नाम से पर्ची काटने लगेगा। किंतु इस बार मंदिर प्रांगण में दूसरा जागरण नहीं करने दिया जाएगा। पुजारी नवीन कुमार शास्त्री ने कहा कि जयंती देवी सब देख रही है, वहीं पथ भ्रष्ट होने वालों को रास्ता भी दिखाएगी और सबक भी सिखाएगी।

---

## अधिक से अधिक लोकतंत्र के पावन पर्व मतदान में हिस्सा लें कर्तव्यों का जिम्मेदारी के साथ फर्ज निभाएं

### गाइड विंग ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वाधान में जिला संगठन आयुक्त गाइड विंग उषा गुप्ता के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगूरां से शुरू किया गया। जिला संगठन आयुक्त गाइड विंग उषा गुप्ता ने बताया कि लोकतंत्र को मजबूती मिले और सभी को अपने अधिकारों कि जानकारी हो इसके लिए उन्होंने गांव, शहरों, विद्यालयों में जाकर सभी को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है ताकि अधिक से अधिक लोकतंत्र के पावन पर्व मतदान में हिस्सा लेकर अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी के साथ फर्ज निभाए। इसकी शुरुआत में गाइड लड़कियों ने अपने हाथों में लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। मतदान करना हम सबका फर्ज है। आपका वोट आपकी ताकत, दोनो बने देश की ताकत है।



जींद। मतदाता जागरूकता अभियान चलाए कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

### निर्णय जितनी बार बदलते रहेंगे सफलता उतनी ही प्रभावित होगी : शांडिल्य



**उचाना।** लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला उचाना स्थित राधा-कृष्ण प्राचीन मंदिर पुजारी भारतेंदु शांडिल्य ने कहा कि संकल्प शुभ हो, श्रेष्ठ हो और दृढ़ हो तो कुछ भी ऐसा नहीं जिसे प्राप्त ना किया जा सके। हमारे निर्णय जितनी बार बदलते रहेंगे हमारी सफलता भी उतनी ही प्रभावित होगी। जितना भी सृजन महान व्यक्तियों के द्वारा इस धरती पर हुआ है, वह अनुकूल परिस्थितियों के कारण नहीं अपितु दृढ़ संकल्पशक्ति के कारण ही हुआ है। संकल्प से मजबूत बनें, कोई भी कार्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि आपके संकल्प मजबूत हो तो जीवन में कुछ भी प्राप्त करना असंभव नहीं रह जाता है। महान संकल्प ही महान लक्ष्य की प्राप्ति कराते हैं। संकल्प में बड़ी शक्ति होती है। संकल्प के बल पर ही वानरों द्वारा समुद्र पर सेतु की स्थापना हो पायी और संकल्प शक्ति के बल पर ही पांडवों द्वारा महाभारत के युद्ध को जीता गया।

## सभी लोकसभा सीट जीतेगी भाजपा: डॉ. पुष्पा

- प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का पूरा ख्याल रखते हैं : डा. तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में दस की दस सीटें जीत कर नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम करेंगे। नायब सैनी बहुत ही कर्मठ शासक व संगठन के सेनापति हैं जो कि छोटे से छोटे कार्यकर्ता को साथ लेकर रात दिन पार्टी को मजबूत करने में लगे हैं। यह बात भाजपा की वरिष्ठ नेत्री डा. पुष्पा तायल ने कही। तायल ने कहा कि नायब सैनी कार्यकर्ताओं के सम्मान का पूरा ख्याल रखते हैं व छोटे से छोटे कार्यकर्ता से खुल कर मिलते हैं व कार्यकर्ता की पूरी बात सुन कर उसकी समस्या का निवारण अधिकारियों से करवाते हैं। तायल ने कहा कि कार्यकर्ताओं को भी चाहिए कि दिनरात मेहनत कर लोकसभा चुणाव में पूरी निष्ठा और मेहनत से भाजपा के लिए काम करें और दस की दस लोकसभा सीट जीत कर केंद्र में मजबूत सरकार बनाने में सहयोग करे ताकि केंद्रीय नेतृत्व के सामने नायब का कद बढ़े व तीसरी बार फिर से हरियाणा में भाजपा की सरकार बने व नायब के हाथों में हरियाणा की कमान केंद्रीय नेतृत्व सौंपे व कार्यकर्ताओं की पूरी सुनाई हो। कहा भाजपा का कार्यकर्ता इस बात को बखूबी समझता है और वो सर्वप्रथम देशहित की सोचता है उसके बाद पार्टी के हित की व अंत में स्वयं के सम्मान की सोचता है।



---



आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाली छात्राओं के साथ स्टाफ सदस्य।

### लेखन प्रतियोगिता में अन्नु प्रथम, मोनू रही द्वितीय

**अलेवा।** अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में सामाजिक विज्ञान समिति व अंग्रेजी भाषा के संयुक्त तत्वावधान में रिपार्ट्ट लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इसकी अध्यक्षता प्रो. निधि गुप्ता ने की तथा मुख्य तौर पर प्राचार्या वीना कुमारी ने हिस्सा लिया। रिपार्ट्ट लेखन प्रतियोगिता में छात्राओं के बीच मुकाबले कराए गए। इसमें अन्नु प्रथम, छात्रा मोनू द्वितीय व अंशु ने तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से जागरूकता आती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों में रचनात्मक विकास भी होता है। सभी विद्यार्थियों को कालेज में होने वाली प्रत्येक गतिविधि में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा में निखार लाना चाहिए। ऐसी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्राचार्या द्वारा स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर प्रो. संदीप समेत कालेज का अधिकतर स्टाफ मौजूद रहा।

## जुलाना अनाजमंडी में सुविधाओं का टोटा

- जुलाना मंडी का दौरा कर जानी किसानों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देव हिंदू मंच के राष्ट्रीयध्यक्ष दलजीत सिंह मलिक ने कहा कि जुलाना हलका स्थित अनाज मंडी में सुविधाओं का टोटा है। जिस कारण किसान, व्यापारी ओर मजदूरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जुलाना मंडी में किसानों के पेयजल की भी कोई व्यवस्था नहीं की है। किसान अपनी फसल खुले आसमान के नीचे डालने पर मजबूर है। रविवार को जुलाना अनाज मंडी में किसान, मजदूर व आढ़तियों से मिले और समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि किसानों का पीला सोना गेहूं व सरसों की ढेरी खुले आसमान के नीचे पड़ी थी। समय पर खरीदारी नहीं हो रही, जिसको लेकर किसान परेशान है। किसानों ने बताया कि अनाज मंडी में रास्ते भी ठीक नहीं है। इसके अलावा पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा स्ट्रीट लाइटें नहीं होने के कारण रात के समय मंडी सूनसान रहती है। जिस कारण यहां किसान और व्यापारियों की सुरक्षा भी रामभरोसे दिखाई दे रही है। मलिक ने कहा की जिला व मंडी प्रशासन किसानों व मजदूरों की समस्याओं की ओर ध्यान दें ओर बिना देरी किए किसनों की फसल को जल्द से जल्द खरीदा जाए। मंडी में मूलभूत सुविधाओं की ओर भी ध्यान देकर उन्हें जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास करें।



जींद। जुलाना मंडी आई फसल खरीद का जायजा लेते दलजीत। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व विधायक परमेंद्र सिंह ढुल।

### प्रदेश सरकार से हर वर्ग परेशान : परमेंद्र ढुल

**जुलाना।** जुलाना कस्बे में पूर्व विधायक परमेंद्र सिंह ढुल के कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता परमेंद्र सिंह ढुल ने की। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक परमेंद्र ढुल ने कहा कि जल्द ही लोकसभा चुनाव होगा उसके बाद विधानसभा का भी चुनाव होना है। इसलिए सभी कार्यकर्ता अपनी कमर कस लें। उन्होंने कहा कि जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत 'यादा परेशान है और कांग्रेस के शासन को याद कर रही है।उन्होंने कहा कि आज जुलाना की आवाज विधानसभा में मंद पड़ गई है और सरकार में होते हुए भी जुलाना की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। एक समय था जब जुलाना विपक्ष में होते हुए भी सारे हरियाणा में केवल इसलिए जाना जाता था कि विधानसभा में जुलाना की आवाज सबसे प्रमुखता से गूंजती थी। आम जनता छोटे छोटे कार्यो के लिए भी कतारों में खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा को लोकसभा चुनावों में बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगी। प्रेम शर्मा, कुलवंत लाठर, संजय लाठर, कुलबीर मलिक, कप्तान, रणधीर, कप्तान, छोटूराम, राजेंद्र, अजमेर पूनिया आदि मौजूद रहे।

---

## अवैध शराब की तस्करी पर अधिकारियों की रहेगी कड़ी नजर

# लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन सख्त

- ईमानदारी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : रजा
- विभाग द्वारा जारी नंबर और ईमेल आईडी पर दर्ज करवा सकते हैं मतदाता शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में अवैध शराब की बिक्री पर आबकारी विभाग के अधिकारी नजर रखें और समय-समय पर अधिकृत शराब ठेकों का रिकार्ड भी जांचें। जिले में किसी भी स्थिति में जीएसटी चोरी की शिकायत एवं अवैध शराब नहीं मिलनी चाहिए। यदि कहीं भी अवैध शराब पाई जाए तो संबंधित लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



जींद। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो :हरिभूमि

### अवैध शराब का भंडारण करने पर होगी कार्रवाई

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान जिले में शराब की अवैध बिक्री, भंडारण एवं आपूर्ति पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए उचित कदम उठाए गए हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि चुनाव के दौरान जिले में कहीं भी शराब की अवैध बिक्री या भंडारण नहीं होना चाहिए। यदि कोई इस कृत्य में संलिप्त पाया जाए तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई होगी। इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बाहर से आने वाली अवैध शराब को रोकने के लिए अंतररा'यीय नाकों पर पुलिस अधिकारियों, एफएसटी और एसएसटी टीमों का भी गठन किया गया है जो वाहनों की जांच करेंगे। यदि कहीं पर अवैध शराब की संलिप्ता पाई जाती है और जिस वाहन से यह प्राप्त होगी, उसमें चालक के साथ-साथ वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा और जिस भी डिस्टलरी की होगी उस पर भी कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

### शराब के अवैध परिवहन की शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा द्वारा शराब के अवैध परिवहन के संबंध में शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा मुख्य कार्यालय पंचकूला द्वारा रा'य स्तरीय नियंत्रण रखने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान आचार संहिता लागू होने के दौरान हरियाणा रा'य में अवैध शराब, बिक्री और नकली शराब से संबंधित शिकायतें प्राप्त कर कक्ष में दे सकते हैं।



जींद। बैठक में भाग लेते सीटू कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ चलाना होगा अभियान

**जींद।** मजदूर भवन सीटू कार्यालय में सीटू कार्यकर्ताओं की बैठक जिला सचिव सतबीर खरल की अध्यक्षता में हुई व संचालन सचिव कपूर सिंह ने किया। बैठक को सीटू के रा'य उपाध्यक्ष सुरेंद्र मलिक ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आरएसएस से संचालित भाजपा सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है और विपक्ष को खत्म करने के लिए संविधान को भी तार-तार कर रही है। भाजपा की सरकार पूंजीपति परस्त सांप्रदायिक सरकार है। यह सरकार पूंजीपतियों के तो कर्ज लगातार माफ कर रही है लेकिन किसानों, मजदूरों तथा आम जनता पर जीएसटी व अनाप-शनाप के टैक्स लगाकर उनको निचोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत देश की संपत्ति के मालिक ऊपर के एक प्रतिशत लोग है तथा जो मजदूर किसान मेहनतकश दौलत पैदा करते हैं उन 50 प्रशित लोगों के पास देश की संपत्ति का सिर्फ तीन प्रतिशत ही हिस्सा है देश की संपत्तियों को पूंजीपतियों के हाथों लुटवाया जा रहा है। उनको बैंकों से लोन दिलवाया जा रहा है। 1746000 करोड़ रुपे का बैंकों का कर्ज पूंजी पत्तियों का माफ कर दिया।

## खबर संक्षेप

### चार्ट बनाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरटा, कैथल मे विश्व स्वास्थ्य दिवस पर चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता इतिहास प्राध्यापक सुनील दत्त जी की देखरेख में करवायी गयी । इस प्रतियोगिता में कक्षा छः से दसवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने /"करो योग/" /"रहो निरोग /" का चार्ट बनाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया और कहा भी जाता है पहला सुख निरोगी काया। योग से शारीरिक और मानसिक विकास होता है । किसी ने धूम्रपान से बचने का तो किसी ने नशीले पदार्थ जैसे शराब, अफीम और ड्रग्स से बचने का संदेश चार्ट के माध्यम से बताएं।

### चुनाव लड़ने के फैसले को लेकर बैठक की

**कैथल।** शहर के नीम साहिब गुरुद्वारा में रविवार को शिरोमणि अकाली दल पार्टी पदाधिकारियों ने चुनाव लड़ने के फैसले को लेकर बैठक की। इस बैठक में कई जिलों से पार्टी के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसमें कैथल सहित, कुरुक्षेत्र, करनाल और यमुनानगर जिले से पदाधिकारी पहुंचे। पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद बलविंद्र सिंह बूंद्र संयोजक के रूप में पहुंचे। संयोजक बलविंद्र सिंह बूंद्र ने इन सभी पदाधिकारियों से हरियाणा में पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर राय जानी। इसमें पदाधिकारियों की राय के अनुसार चुनाव लड़ने या पार्टी को समर्थन देने को लेकर कोई फैसला तो नहीं लिया गया, लेकिन हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस का बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

### एनसीईआरटी के पोर्टल पर खेलों को मिला स्थान

**कैथल।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला ने बताया कि एन.सी.ई.आर.टी,नई दिल्ली द्वारा कक्षा पांच के पाठ्यक्रम और छठी कक्षा के नए पाठ्यक्रम के मध्य सहज जुड़ाव एवं समन्वय बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मासिक ब्रिज कोर्स कार्यक्रम के तहत सेतु-सामग्री का निर्माण किया गया है। इस सेतु-निर्माण सामग्री में हरियाणा शिक्षा विभाग से एकमात्र उन्हें योगदान देने का सुअवसर प्रदान किया गया था। डॉ नीलकंठ सहायक आचार्य, सदस्य समन्वयक पाठ्य पुस्तक निर्माण समिति के नेतृत्त्व में इस सेतु-सामग्री का निर्माण किया गया है।

## भाकियू की हलका स्तरीय मासिक बैठक

# अदानी एग्रो के साइलो को मंडी घोषित करने का किया विरोध

**अदानी एग्रो साइलो को मंडी घोषित करने की साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा : विक्रम कसाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। नारेबाजी करते भाकियू नेता व किसान। फोटो :हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की हलका स्तरीय मासिक बैठक पुंडरी किसान भवन मे जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल व ब्लाक प्रधान रणधीर बरसाना की अध्यक्षता मे हुई। जिसमे मुख्य रूप से युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने विशेष तौर पर भाग लिया। बैठक का संचालन युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि अदानी एग्रो के गोदामो के साथ साथ पुंडरी,ढांड व कौल की मंडियो मे भी किसानो की गेंहू की फसल डलवाई जाये। और जो किसान अदानी एग्रो के गोदामो मे गेंहू लेकर जाये तो सरकार उन किसानो को खेत से लेकर अदानी के गोदाम तक का किराया दे ताकि किसानो को आर्थिक मदद मिल सके।जिस किसान की गेंहू की ट्राली नमी व किसी अन्य कारण से अदानी मे रिजेक्ट हो जाती है तो उस किसान की गेंहू मंडी मे आढ़ती के फीड पर डलवाई जाए ओर उसकी जिम्मेदारी सबंधित खरीद एर्जेसी की हो। अदानी के बहार पीने के पानी,शौचालय,भोजन व खरीद को सुचारू रूप से चलाने की समय रहते व्यवस्था करे। अदानी एग्रो के गोदामो मे सीजन मे जब गेंहू की तुलाई होती है तो खरीद शुरू होने के पहले दिन से ही तुलाई के चार कांटे 24 घन्टे चलाए जाएं जाये ताकि किसानो का समय भी बचे और किसी तरह की दिक्कत भी सीजन मे किसानो को न हो। उन्होने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी मंडियों को बंद करके अदानी एग्रो के साइलो को मंडी घोषित किए जाने का किसान विरोध करते हैं। कार्यकारी जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल ने कहा कि किसान किसी भी कीमत पर सरकारी मंडी की एवज में अदानी एग्रो साइलो को मंडी घोषित करने की साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे ओर जो किसान ढाडं अदानी एग्रो के गोदामों के बाहर 2 दिन से अपनी गेहूं की ट्राली लिये खड़े रहते है।

भाकियू (चढूनी) उनसे अपील करती है कि वह अपनी गेहूं मंडियों में लेकर आए और उनको बारदाना दिलवाने के लिए हम उनसे वादा करते हैं अदानी एग्रो के गोदामों के बाहर खड़े होने से अच्छा है कि अपनी गेहूं को मंडियों में डालकर हम सरकार व प्रशासन के साथ बारदाना लेने के लिए लड़ाई लड़े। मंडियों में गेहूं आने से किसान, मजदूर, व्यापारी, दुकानदार,जमादार सबका भला होगा। लेकिन अगर अदानी एग्रो के गेट पर खड़े रहे तो किसान खुद का नुकसान करेंगे। कैथल व जिले की कई अनाज मंडियो मे धान व कचरे के ढेर लगे पड़े है और शेड व फड़ो पर धान पड़ा है। भाजपा सरकार सरसों की सरकारी खरीद 26 मार्च से शुरू करने की बात कह रही है जबकि मंडियो मे महीने से सरसों की फसल आ रही है इस फसल को स्टॉकिस्ट व कंपनियां खरीद रही है। सरसो की फसल मे नमी बताकर किसानो को मंडियो से वापिस भेजा जा रहा है।

# रामोत्सव कार्यक्रम कल से प्रारंभ

■ जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल की अध्यक्षता में बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। कार्यकर्ताओं से बात करते विहिप जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल।

वर्ष प्रतिपदा व रामनवमी उत्सव को लेकर राजौंद में जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मौजूद लोगों से व्यापक विचार विमर्श करने के बाद निर्मल ने राजौंद प्रखंड की इकाई का गठन किए जाने का प्रस्ताव रखा। प्रखंड पालक के रूप में बीरभान निर्मल की राजौंद में यह पहली बैठक थी। उन्होंने कहा कि पूरे जिला में विश्व हिंदू परिषद की गठित इकाईयां समर्पण भाव से कार्यरत हैं। राजौंद में इकाई नहीं है जिसके लिए विश्व हिंदू परिषद द्वारा राजौंद प्रवास कर इकाई के गठन का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि महान हिंदू संस्कृति को और पल्लवित करने के लिए 70 वर्ष पूर्व विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की गई थी। जिला सहमंत्री निशीकांत शर्मा ने कहा कि देश में इस समय लगभग 80 प्रतिशत आबादी हिंदू है पर उसके बावजूद भी हमारे देश के अनेक मंदिर पूजा विहीन हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू रक्त में संस्कृति का प्रवाह देने के लिए विहिप द्वारा वर्ष भर में अनेक उत्सवों का आयोजन किया जाता है।

# पंद्रह गरीब कन्याओं का विवाह करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। सामूहिक विवाह समारोह में उपस्थित नवदंपत्ति।

समाज सेवी संस्था सेवा संघ द्वारा रविवार को पंजाबी सेवा सदन में आयोजित 16 वे सामूहिक विवाह समारोह में 15 निर्धन कन्याओं को विवाह सूत्र में बांध कर सुखी दाम्पत्य जीवन का संतो और गणमान्य नागरिको ने आशीर्वाद दिया। समाज सेवी संस्था सेवा संघ द्वारा अब तक लगभग तीन सौ कन्याओ का विवाह करवाने के साथ साथ अनेको मानवता की सेवा की योजनाए चलाये हुए है। सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन समाज सेवी संस्था सेवा संघ द्वारा बड़ी धूमधाम से किया गया। सामूहिक विवाह समारोह में सभी दूल्हे अपने बाराती बैंड बाजो से साथ अपनी दुल्हन लेने पहुंचे और इनके साथ उनके परिजन भी बड़ी खुशी वह मौजूद थे और सेवा संघ के सदस्यों ने उनपर फूलो की वर्षा करके उनका स्वागत किया। वर वधु को कार्यक्रर्म के मुख्य अतिथि रमणीक सिंह मान , संत बाबा जसदीप सिंह , विशिष्ठ अतिथि हैफेड चेयरमैन कैलाश भक्त , नगर परिषद् चेयरपर्सन सुरभि गर्ग , डॉ डी पी गुप्ता , कँवल आहूजा , सतीश सेठ , महंत हरीश शास्त्री , स्वामी राघव दास शास्त्री , महंत रमन पूरी , बाई सार शरणानंद और बाबा रजनीश शाह ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

# नवीन जिंदल भारी मतों से जीत हासिल करेंगे: रसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, मंडल के सोशल मीडिया सह-प्रमुख पूर्व सरपंच संजीव रसीना ने दावा किया कि करनाल विधानसभा से प्रत्याशी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा के करनाल सीट से लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से लोकप्रिय नेता नवीन जिंदल भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। आज पूंडरी कार्यालय में बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मनोहर लाल जी ने जिस तरह से प्रदेश की जनता की सेवा की है और प्रदेश में विकास हुआ है और केंद्र की मोदी सरकार ने राम मंदिर निर्माण जैसे जो ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, उससे साफ है कि जनता फिर से मोदी सरकार और प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनाएगी। इस मौके पर उनके साथ अनेक कार्यकत्ता मौजूद रहे।

# किसानों की रिहाई के लिए किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




कैथल। करनाल रोड पर प्रदर्शन करते किसान ।

विभिन्न किसान संगठनों ने मिलकर अस्थि कलश यात्रा के दौरान पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन युवा किसानों छुड़वाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और रोष स्वरूप केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। किसानों ने कहा कि नौ अप्रैल तक तीनों युवा किसानों को नहीं छोड़ा तो शंभू बॉर्डर पर रेलवे लाइन को जाम करेंगे। इसमें धन्ना भगत भारतीय किसान यूनियन, सर छोटू राम किसान यूनियन, आर्य नौजवान सभा किसान यूनियन सहित अन्य संगठनों के लगभग सैंकड़ों किसान शामिल थे। सभी किसानों की मांग थी कि अस्थि कलश यात्रा के दौरान गिरफ्तार किए गए तीनों युवा मनजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह व अनीश खटकड़ को छोड़ा जाए। रविवार को 11 बजे किसान हनुमान वाटिका में इकट्ठे हुए। वहां पर किसान यूनियनों के नेताओं ने सभी किसानों को संबोधित किया। इसके बाद पूरे शहर में प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई। लेकिन बाद में गर्मी को देखते हुए किसानों ने फैसला बदला और करनाल रोड स्थित न्यू सर छोटू राम चौक पर प्रदर्शन किया। इसके बाद केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। धन्ना भगत भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष होशियार सिंह गिल ने कहा कि कुछ दिन पहले हुए किसान आंदोलन पार्ट दो में खनौरी बॉर्डर पर एक युवा किसान शुभकरण की गोली लगने से मौत हो गई थी। जिसकी शांति की के लिए किसान यूनियन द्वारा पूरे प्रदेश में उसकी अस्थि कलश यात्रा निकाली जा रही थी। इस यात्रा के दौरान पुलिस ने अंबाला से तीन युवा किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी किसान संगठनों उनको छुड़वाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने तीनों युवा किसानों को नहीं छोड़ा तो सभी संगठन मिलकर नौ अप्रैल को शंभू बॉर्डर पर रेलवे लाइन पर जाम लगाएंगे।

### नवरात्र पर्व को लेकर मंदिरों में तैयारियां पूरी

**राजौंद।** नवरात्र पर्व को लेकर मंदिरों की तैयारियां जोरों पर चली है। आचार्य राम भगत हरित ने बताया कि नवरात्रे कल से शुरू हो रहे है। आचार्य ने बताया की वैसे तो भारत वर्ष में सभी पर्व की विशेष पूजा होती है,परंतु नवरात्रों की पूजा का विशेष महत्व है। नवरात्रों के दौरान की गई पूजा से भगतों को मां दुर्गा भवानी मन वांछित फल देती है तथा भगतों द्वारा की पूजा आराधना से प्रसन्न होकर मां भगवती उनके कष्टों का हरण करती है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष में नवरात्रे पर्व चार बार आते हैं, जिसमें दो बार गुप्त तथा दो बार खुले नवरात्रों की पूजा की जाती है। नौ दिन तक मां भगवती के अलग-अलग रूपों की पूजा कर व्रत रखने से मां दुर्गा प्रसन्न होकर अपने श्रद्धालुओं को विशेष फल देती है।

# पंजाबी सेवा सदन ने वितरित किया राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह दिया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि संस्था जंहा गरीबों को राशन देने का कार्य कर रही वंही परिसर में बने मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर संस्थान में हर तरह के कोर्स मुफ्त करवा समाज सेवा का कार्य भी कर रही है। परुथी ने आगे जानकारी देते बताया कि कंप्यूटर कोर्स संस्था द्वारा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में मुफ्त करवाए जाते हैं। अप्रैल माह से नये कोर्स व वैब डिजाइनिंग सिखाने शुरू किया जाएगा।प्रधान ने आगे बताया कि हमारा प्रयास है कि युवाओं को इस तरह के कोर्स करवाए जाए जो उनके भविष्य को सुधारने व संवारने का काम करें। संस्था कल्पना चावला शिक्षा सम्मान योजना के तहत 50 बच्चों की शिक्षा, ड्रेस व किताबों का खर्च वहन कर उनके भविष्य को संवारने का कार्य भी कर रही है।

# विश्व में भारतीय लोकतंत्र की अलग पहचान: डीसी

■ मतदाता सूची में देख सकते हैं अपना नाम : प्रशांत पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



■ वोट डालने के लिए मतदाता का नाम सूची होना जरूरी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय लोकतंत्र की अलग पहचान स्थापित है। भारत में चुनाव को पर्व की तरह मनाया जाता है और इस बार तो चुनाव आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन भी दिया है। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नही। यदि मतदाता के पास किसी वजह से वोटर कार्ड नहीं है तो वह अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकता है। डीसी ने कहा कि देश में लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व का आगाज चुनाव का शेडयूल जारी होने के साथ ही हो गया है। वोट डालने के लिए मतदाता का नाम मतदाता सूची होना जरूरी है।

### नई वोट बनवाने के लिए 26 अप्रैल तक करें आवेदन

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट व मोबाइल एप वोटर हेल्पलाइन के द्वारा वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। 18 व 19 वर्ष के ऐसे युवा जिनका नाम अभी तक मतदाता सूचियों में दर्ज नही है, वे सभी आगामी 26 अप्रैल तक अपने नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करवाने के लिए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अपने संबंधित बीएलओ या लघु सचिवालय स्थित चुनाव कार्यालय में भी ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### चुनाव आयोग की वबसाईट से सूची में देखें अपना नाम

सीईओ.ईसीआईहरियाणा.जीओवी.इन पर विधानसभा अनुसार मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करके भी अपनी वोट चैक कर सकते हैं।

### ये दस्तावेज दिखाकर करे मतदान

डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि वोट डालने के लिए वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।

### जनता तोड़ेगी पिछली बार का रिकार्ड, भाजपा के 400 पार के नारे को करेगी साकार : अनिता चौधरी



**पूंडरी।** भाजपा की महिला जिलाध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र लोकसभा चुनाव की सह-संयोजक अनिता चौधरी डुलयानी ने कहा कि मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षियों की नीदें उड़ गई हैं। देश की जनता का भारतीय जनता पार्टी पर दृढ़ विश्वास है कि केवल भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें कार्यकत्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि इस बार भी जनता पिछली बार का रिकार्ड तोड़ेगी और भाजपा के 400 पार के नारे को साकार करेगी। आज अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर सभी कार्यकत्ताओं ने पार्टी का झंडा फहराकर भविष्य में भी मोदी के कुशल नेतृत्व वाली सरकार चुनने का संकल्प लिया है। लोकसभा चुनावों में देश में पुनः तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इस मौके पर उनके साथ भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, मंडल के सोशल मीडिया सह-प्रमुख पूर्व सरपंच संजीव रसीना, जिला सचिव निधि मोहन, मंडल महामंत्री पूजा पूंडरी, सरोज करोड़ा, फूलपति एवं अन्य महिलाएं भी उपस्थित रही।

**जागरूकता** — विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लोगों को किया जागरूक

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास: झींजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



गुहला चीका। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बुजुर्गों को स्वास्थ्य जानकारी देते हुए राजा सिंह झींजर।

जीवन का पहला सुख निरोगी काया है जिसको कायम रखना आज के अनुचित खान-पान और रहन-सहन ने बेहद मुश्किल बना दिया है। यह विचार राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो सदस्य प्राध्यापक राजा सिंह झींजर ने स्थानीय सिकलीगर बस्ती वासियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जानकारी देते हुए कहे। झींजर ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही संसार की भौतिक सुविधाओं का आनंद उठा सकता है। उन्होंने कहा कि हर उपभोक्ता अपने अधिकार और कर्तव्यों के प्रति सचेत रहें और खाद्य-पदार्थों में मिलावट करने एवं घटिया खाद्य सामग्री बेचने वालों की शिकायत करें। राजा झींजर ने कहा कि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाला व्यक्ति कभी जीवन में स्वयं खुश नहीं रह सकता। उन्होंने उपस्थित लोगों को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य सुरक्षा एवं देखभाल की विस्तृत जानकारी प्रदान की। झींजर ने उपस्थित लोगों को सचेत करते हुए कहा कि अगर आप स्वस्थ रहना अपना अधिकार मानते हैं तो दूसरों को स्वस्थ रखना आपना कर्तव्य समझें। झींजर ने उपस्थित लगभग 270 बुजुर्गों को स्वास्थ्य सामग्री साबुन, टूथपेस्ट और दवाइयां वितरित की। कार्यक्रममें युवा कार्यकर्ता सौरभ कुमार तथा सचिन कुमार ने विशेष सहयोग दिया। ब्यूरो ब्लॉक अध्यक्ष नेत्रपाल शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है और हम जागृति और समझदारी से ही स्वस्थ समाज की स्थापना कर सकते हैं। समाजसेवी सुरेंद्र सिंगला ने प्राध्यापक राजा सिंह झींजर के सामाजिक कार्यों की सहरना करते हुए कहा कि जरूरतमंद लोगों के बीच में जाकर विशेष कर बुजुर्गों की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर सरदार चरण सिंह, अंगूरी देवी, विजय, कपूरचंद, मन्नू, राम सिंह, बनवारी लाल, कमल, हासन, संतोष, जनक लाल, संजय कुमार, बादामों आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

■ पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन ने किया आयोजन

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की आज हनुमान वाटिका में मासिक मीटिंग हुई। इस अवसर पर इडन अस्पताल चंडीगढ़ द्वारा फ्री मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया इसके अंदर जिले भर से आए पूर्व सैनिकों, सैनिक परिवारों , वीरांगनाओं और समाज के बुजुर्ग लोगों ने अपने शरीर के स्वास्थ्य का चेकअप करवाया। इसी प्रकार से पूर्व सैनिक, पूर्व सैनिक परिवारों के सदस्य मीटिंग के अंदर पहुंचे उन्होंने अपनी समस्याएं रखी। बहुत से साथियो ने अपने विचार भी सांझ किये इनमें कैप्टन नर सिंह ढुल,कैप्टन बलजीत मोर, रिसालदार प्रताप सिंह, हवलदार कुलदीप सिंह, रिसालदार मेजर गोपीचंद बनवाला , दफेदार रामचंद्र दफेदार सतपाल कसान और फौजी कर्मवीर आदि साथियों ने विचार विमर्श भी किया । मीटिंग के अध्यक्षता कर रहे एसोसिएशन प्रधान हवलदार जगजीत फौजी ने सभी के विचारों पर सहमति जताते एसोसिएशन के साथियों से उनके विचारों पर सहमति ली और जो भी एजेंडे रखे गए सभी को पास किया गया। हनुमान वाटिका में किसान व मजदूर साथियों के विचार भी सुने और कहा की सैनिक भी किसान का बेटा है सैनिक यानी जवान और जे सीओ किसान परिवार से ही जाता है बड़े धन्ना सेठों के बच्चे वहां पर नहीं जाते, दुश्मन की गोलियों का सामना करने वाला एक किसान मजदूर कर्मचारी छोटा व्यापारी का बच्चा ही छाती पर गोली खाता है तिरंगे में लिपटकर घर आता है इस मौके पर कैप्टन नरेंद्र सिंह , एलडी रामचंद्र ,हवलदार राजेंद्र सिंह, रिशालदार मेजर खजान सिंह ,हवलदार मांगेराम, सूबेदार राम सिंह ,हवलदार ओमप्रकाश सकरा ,सूबेदार मिया सिंह मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, सुरेश पुत्र श्री उमर सिंह गांव समरगोपालपुर तहसील व जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री सीमा मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**



पूंडरी। न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के साथ एडवोकेट गौरव वालिया।

### वालिया ने मंत्री मेघवाल से की शिष्टाचार भेंट

**पूंडरी।** मैरिज पैलेस एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट गौरव वालिया ने भारत सरकार में पूर्व केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से उनके दिल्ली स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। पूंडरी कार्यालय में बातचीत में गौरव वालिया ने कहा कि पेपर लेस कार्य को बढ़ावा देने के साथ-साथ न्याय कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए विधि एवं न्याय मंत्रालय भी अपनी कार्य प्रणाली में डिजिटल मॉडल अपनाने की ओर बढ़ रहा है।

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति नामजद

**कैथल।** महिला पुलिस कैथल ने एक विवाहिता की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में खेडी सिकंदर की एक महिला ने अपनी शिकायत में रोक लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व जिला जींद के बिघाना गांव के प्रदीप के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। हर रोज की मारपीट व तानों से परेशान होकर वह मायके लौट आई।

### चुनाव का बिगुल बजने के बाद भी कांग्रेस के कार्यालय पर सन्नाटा

# प्राइम लोकेशन पर पॉश कॉलोनी में बना कांग्रेस भवन हुआ जर्जर, कार्यकर्ता नदारद

करोड़ों रुपये कीमत की जमीन पर बना हुआ है जिला कांग्रेस भवन चार दिवारी गिरी तो दरवाजे हैं गायब, नजर आ रही भूतहा हवेली पार्क में उगे झाड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जर्जर हालत में कांग्रेस भवन।



लोकसभा चुनाव का बिगुल बजा हुआ है। पार्टियो के हालातों पर चर्चा पर भी खूब हो रही है। राजनीतिक दलों ने भी लंगोट कसी हुई है। राजनीतिक दलों के कार्यालयो मे चहल पहल भी देखने को मिल रही है। लेकिन कांग्रेस के जिला कार्यालय के हालात देखरेख के अभाव मे बदतर हो चूके है। जिसके पीछे सगठन का न होना, स्थानीय नेताओ की रूची न लेना है। शहर की प्राइम लोकशन पर बने काग्रेस जिला कार्यालय खड़हर मे तब्दील हो चूका है। कार्यालय की चार दिवारी गिर चूकी है तो दरवाजे भी टूट चूके है। पार्क मे झाड़ झखाड़ उग आए है। गदगी के ढेर लगे हुए है। हालात यहा तक है कि काग्रेस सगठन के बडे नेता पार्टी कार्यालय मे बैठक करने की बजाय रैस्ट हाउस को प्राथमिकता देते रहे है। पूर्व कार्यालय प्रभारी ने इसका ठिकरा नेताओ के सिर फोडा है। जिन्होने चुनाव के बाद किसी को हैडअवर नही किया।

#### करोड़ों की जमीन पर है कांग्रेस भवन

शहर मे पुराना बस अडडे के साथ जेडी सात मार्ग पर शहर की पाश कालोनी के नुक्कड पर बने जिला काग्रेस भवन जमीन की कीमत करोडो रूपये है। सीएम भूपेद्र हुडडा के शासन काल मे जिला अध्यक्ष बलराम कटवाल की देख रेख मे कार्यालय को नया लुक दिया गया। पार्टी की गतिविधिया भी होती रहती थी। काग्रेस के सता से बाहर होने तथा सगठन ने होने के चलते जिला मुख्यालय पार्टी कार्यालय जर्जर हालात मे पहुच गया है। काग्रेस कार्यालय मे पिछले लोकसभा तथा विधान सभा चुनाव मे कुछ दिन गतिविधिया हुई थी। जिसके बाद इक्का दूक्का बैठको के बाद किसी ने इसकी तरफ मुडं कर नही देखा। बारिश के दौरान चार दिवारी गिर गई। मुख्य दरवाजा टूट गया। अदर कमरो के दरवाजे भी टूट गए सीढियो मे दरार आ गई। पूरी इमारत खडहर मे तब्दील हो गईओर अदर पार्क भी बदहाल हो गया। अदर गदगी के ढेर लगे हुए है। पार्टी ने बडे कदावर नेता भी जिले को दिए। सता का सुख भी भोगा। लेकिन पार्टी कार्यालय के रखरखाव के लिए कोई समर्पित दिखाई नही दिया। काग्रेस कार्यकारिणी सदस्य एव पूर्व जिला काग्रेस कार्यालय प्रभारी रधुबीर भारद्धाज ने कहा की पार्टी कार्यालय के हालातो के लिए नेता जिम्मेवार है।

जिन्होंने पिछला लोकसभा तथा विधान सभा चुनाव लडने के बाद किसी को हैडअवर नही किया। संगठन भंग होने के चलते देख रेख की जिम्मेवारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को लगानी चाहिए थी। अब जिला स्तर पर सगठन नही तो कार्यालय की देखरेख कौन करे। अब इस मामले को नेताओ के सामने रखा जएगा। फिर से दुरुस्त करवाया जाएगा।



टूटी पड़ी सीढ़ियां।



कांग्रेस भवन में फैली गंदगी

### पात्र युवा 26 तक वोट बनवाने के लिए करें आवेदन

**जींद।** जींद विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी राकेश सैनी ने नागरिकों से अपील की है कि 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के सभी व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम जरूर दर्ज करवाएं। मतदाता सूची में नए नाम दर्ज करने की प्रक्त्रिया 26 अप्रैल तक चालू रहेगी। उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी पात्र व्यक्ति 26 अप्रैल तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के लिए फार्म छह भर कर संबंधित बीएलओ या जिला निर्वाचन कार्यालय में आवेदन कर सकता है। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रकाशित मतदाता सूची को मतदान केंद्रों के बीएलओ को उपलब्ध करवा दिया है।

### देश को राहुल की गारंटी पर है यकीन : बलराम

**उचाना।** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं बीते विस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार रहे बलराम कटवाल ने कहा कि देश के एक प्रतिशत लोगों की बात तो नहीं करता जबकि पूर्ण विश्वास है कि देश के 99 प्रतिशत लोगों को ये निश्चित रूप से महसूस होगा कि इसमें उनकी तरक्की की बात की हुई है और उन्हें ऐसा लगेगा कि ये चुनावी घोषणा पत्र उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए ही बनाया गया है। कटवाल ने कहा कि कांग्रेस ने बेतहाशा बढ़ती हुई बेरोजगारी से निपटने के लिए घोषणा पत्र में नौकरी की पक्की गारंटी दी गई है जिसका साफ मतलब यह है कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित है। देश की जनता से जातीय जनगणना पर जोर दिया है।

## चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय की सॉफ्टबॉल टीम ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय की सॉफ्टबॉल टीम ने अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। इस बार जानकारी देते हुए शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉक्टर प्रेमलता ने बताया कि 2 से 4 अप्रैल को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में इस प्रतियोगिता का आयोजित किया गया था। जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त विभिन्न महाविद्यालय ने हिस्सा लिया। अपने-अपने जॉन को क्वालीफाई करते हुए लीग में टॉप चार टीमें पहुंची। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर, द्वि तीय स्थान चौधरी ईश्वर सिहं कन्या महाविद्यालय फतहेपूर पूंडरी व तृतीय स्थान आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉक्टर अमिता राणा ने छात्राओं को बधाई दी। टीम की मुख्य सदस्या कुमारी प्रीति, सुजाता, पायल, महक, इशा, स्वाति, निकिता, महक, मोनिका, अंजू, शैफाली, उर्वशी, सिमरन, परीक्षा, नैनसी व मस्कान रही।



**पूंडरी।** विजेता टीम की छात्राओं के साथ कार्यवाहक प्रिंसिपल डा. अमीता राणा। फोटो : हरिभूमि

## किसानों ने फूंका सरकार का पुतला

- जेल मे बंद किसान नेता की रिहाई की मांग, खफा होकर उठाया कदम
- किसान नेता अनीश खटकड़ ने जेल में शुरू किया हुआ है आमरण अनशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला जेल में बंद किसान नेता अनीश खटकड़ रिहाई की मांग को लेकर किसानों ने रविवार को शहर में रोष प्रदर्शन किया और गोहाना रोड के कोर्ट मोड पर सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि अगर एसपी ने अनीश खटकड़ से मिलने की अनुमति नही दी तो रणनीति बना कर एसपी आवास का घेराव किया जाएगा। खटकड़ टोल जनकल्याण किसान मजदूर समिति कि के आह्वान पर रविवार को टोल प्लाजा कमेटी खटकड़ एवं खटकड़ खाप के प्रधान हरिकेश काब्रच्छा के नेतृत्व में किसान नेहरू पार्क के एक जुट हुए। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार के इशारे पर प्रशासन ने किसान युवा नेता अनीश खटकड़ को गिरफ्तार कर जेल में डाला हुआ है। उसकी रिहाई की मांग को लेकर अधिकरियों से मिला जा चुका है लेकिन उसकी रिहाई को लेकर कोई कदम नही उठाया जा रहा है। वहीं जेल में बंद अनीश खटकड़ ने आमरण अनशन शुरू किया हुआ है। एसपी से किसानों की कमेटी ने अनीश से मिलवाने की अपील की थी ताकि अनशन खुलवाया जा सके। बावजूद इसके अबतक कोई संतोषजनक जवाब नही मिला है। उन्होंने कहा कि जिस मामले में अनीश को गिरफ्तार किया गया है वह किसान आंदोलन के दौरान का है। अब सरकार जानबूझ कर किसान नेताओं को गिरफ्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि नौ अप्रैल को किसान शंभू बार्डर पर जाएंगें। अगर एसपी ने किसान कमेटी सदस्यों की जेल में बंद अनीश खटकड़ से मुलाकत नही करवाई तो किसान एसपी आवास का घेराव करेंगे।




**जींद।** बैठक कर रोष जताते हुए किसान नेता।



### रविवार को भी खुला रहा राजौंद नपा का कार्यालय

**राजौंद।** नगर पालिका में प्रॉपर्टी वेरीफिकेशन करवाने के लिए लोगों की सुविधा के लिए नगर पालिका प्रशासन ने रविवार को भी कार्यालय खुला रखा गया। जिसमें 430 लोगों ने अपनी प्रापर्टी वेरीफेकेशन करवाई। नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार शनिवार व रविवार को विशेष रूप से शिविर लगाकर नगर पालिका राजौंद कार्यालय में वेरिफिकेशन करवाई। उन्होंने बताया कि शनिवार को 230 लोगों व रविवार को 200 लोगों ने लाभ लिया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका कार्यालय की तरफ से किसी भी कर्मचारी का अगर फोन आए तो वह ओ टी पी बताकर प्रापर्टी वेरिफिकेशन करवाने के लिए जानकारी दे ताकि प्रॉपर्टी वेरिफिकेशन हो सके। इसके लिए अगर किसी तरह की शंका हो तो कार्यालय से संपर्क करके भी जानकारी ले सकता हैं। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है तो वह भी प्रॉपर्टी टैक्स भर दे क्योंकि प्रोपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत छूट दी गई है।




### सुरबरा में खुला नोबल किड्स प्ले स्कूल

**नरवाना।** सुरबरा गांव में रविवार को नोबल किड्स प्ले स्कूल का उद्घाटन हुआ। इस असवर पर स्कूल के बच्चों व बाहर से आए कलाकरों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्त्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्त्रम की शुरुआत से पहले स्कूल परिसर में हवन यज्ञ किया गया। कार्यक्त्रम में बीआरसी उचाना रणपाल श्योकंद ने शिरकत की। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में उचाना से चेयरमेन विकासए स्कूल कमेटी प्रेजिडेंट व सुरबरा सरपंच रामनिवास के अलावा मंगलपुर से स्कूल प्राचार्य विजय शर्मा व राष्ट्रीय टीचर अवार्डी मॉ रामप्रसाद ने शिरकत की। मंच संचालन पूजा व मोनिका ने संयुक्त रूप से निभाया। स्कूल परिसर में हुए कार्यक्त्रम के दौरान पहली प्रस्तुति एक लड़की वंदना ने अपने नृत्य से दी। उसके बाद सुनील दत्त शास्त्री द्वारा भजन सुनाया गया। गायक सोनू काब्रच्छा द्वारा भी मंच पर रागनियों की प्रस्तुतियां दी गई। छोटी बच्चियों में अंशिकाए मधु ने भी बेहतरीन डांस की प्रस्तुति दी। वहीं कार्यक्त्रम के डायरेक्टर व हरियाणवी गायक संदीप शर्मा साहिल ने खुद के गाए गीत स्कूल वाले दिन और याद पुरानी की बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए पंडाल में मौजूद सभी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### निरंकारी भवन में फ्री मेडिकल कैंप, 90 मरीजों ने करवाई विभिन्न बीमारियों की जांच

**गुहला-चीका।** खरौदी रोड पर स्थित निरंकारी सत्संग भवन चीका में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक हैल्थ कैंप का आयोजन भी किया गया। अस्पताल के कर्म चंद प्रजापति ने बताया कि 18 वर्ष की आयु से अधिक वाले लोग जो टी.बी. बीमारी से पीड़ित थे, उन्हें बी.सी.जी. के टीके लगाए गए जबकि शुगर व ब्लड प्रैशर के मरीजों की जांच करके उन्हें मुफ्त में दवाई दी गई। कैंप में लगभग एक 90 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इससे पूर्व सत्संग हाल में एक सत्संग का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रमुख प्रचारक डाक्टर प्रद्युमन भल्ला ने सत्संग में आए लोगों को सम्बोधित किया कहा कि धर्म के मूल में भावना का बहुत महत्व है क्योंकि बुद्धि से हम तर्क तो कर सकते हैं परंतु जब तक इन्सान का मन साफ नहीं होता तब तक इन्सान भवसागर को पार नहीं कर सकता। निरंकारी प्रमुख राज रानी चीका, नरेश गर्ग आदि सैकड़ों लोग भी उपस्थित रहे।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## भाजपा को हराने के लिए माकपा चलाएगी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

देश के धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य,लोगों की रोजी- रोटी,संघीय ढांचे व सामाजिक न्याय पर हमला करने वाली भाजपा -एन डी ए सरकार को सत्ता से हटाने का समय आ गया है,इसके लिये लोगों की एकजुटता जरुरी है। यह बात माकपा के राज्य कमेटी सदस्य फूल सिंह श्योकंद ने पार्टी के जिला मुख्यालय जनकपुरी कॉलोनी में कार्यकताअरं की मीटिंग में बोलते हुई कही। मीटिंग की अध्यक्षता सतपाल आनंद ने की व संचालन प्रेम चंद ने किया। श्योकंद ने कहा भाजपा आर एस एस का राजनीतिक मुखौटा है। उसका विचार पुरातनपन्थी व विशेष वर्ग को फायदा पहुंचाने की व्यवस्था कायम करने का है। आर एस एस ने आजादी के आन्दोलन में कभी भाग नही लिया और ना ही संविधान को महत्व दिया। भारत की बहुलतावादी संस्कृति व संविधान के अनुसार धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य जो भारत की प्रगती व एकता का बुनियादी सिद्धांत है। आज भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इस पर गहरा अघात किया है। दूसरा कारपोरेट के हित में अपनाई जा रही नीतियों के कारण देश का नौजवान रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी से जुझ रहा है और रोजगार की तलाश में अपने घर -बार छोड़ कर विदेशों में जाने पर मजबूर हुआ है। तीन कृषि कानूनों को रद्द कराने के लिये किसानों को लम्बा आन्दोलन चलाने पर मजबूर होना पड़ा इस दौरान 750 किसानों को जान की कुबार्नी देनी पड़ीं है।अभी भी किसान फसल खरीद,एम एस पी,कर्जा माफी व अन्य मांगों को लेकर संघर्षरत है। देश का मजदूर व अन्य मेहनतकश तबके भी अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन सरकार उनके साथ दुशमन जैस व्यवहार कर रही है। जहां आज देश में डॉलर अरबपतियों की संख्या बढी है।



**कैथल।** फूल सिंह माकपा की बैठक को संबोधित करते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

## भाजपा-जजपा का हिसाब जनता सूद समेत चुकाएगी : ढाठरथ

**जींद।** कांग्रेस नेता विजेंद्र ढाठरथ ने कहा कि भाजपा-जजपा का हिसाब-किताब जनता अब सूद समेत चुकता करेगी। भाजपा सरकार ने जनता, किसान, खिलाड़ियों, मजदूरों के साथ जैसा बर्ताव किया था। अब जनता भाजपा जजपा नेताओं का विरोध कर जवाब दे रही है। एक साल ‘यादा समय तक देश का अन्नदाता भूखा व प्यासा दिल्ली की सड़कों पर खून के आंसू बहाता रहा। 750 नौजवान और बुजुगोंर् का बलिदान देकर किसान दिल्ली से लौटा था। जिसे वह कभी नही भूल सकता। भाजपा सरकार द्वारा किसानों के जख्मों पर महरम लगाना तो दूर दो शब्द भी नहीं निकले। उस दौरान अन्नदाता को दिल्ली से गुमराह करके उठाया गया था। देश को चंदे के धंधे के से लुटवाया जा रहा है। अब लोकसभा चुनाव के साथ भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भाजपा-जजपा के उम्मीदवारों को जनता के भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उस दौरान नेता जनता की नही सुनते थे। अब जनता उन नेताओं को गांव में नही घुसने दे रही है। भाजपा का प्रदेश मे सुपडा साफ होगा। जिन नेताओं को भाजपा भ्रष्ट कहती थी। आज उन्ही नेताओ को भाजपा की टिकट पर मैदान मे उतरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया मे देश का नाम रोशन करने वाली पहलवानों के साथ हुई ज्यादतियो को नौजवान तथा खिलाड़ी नहीं भूले है।



## नंदगढ़ में समगोत्र विवाह कानून और जाट आरक्षण को लेकर हुई महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के नंदगढ़ गांव में समगोत्र विवाह और जाट आरक्षण को लेकर महापंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता नंदगढ़ बारहा के प्रधान होशियार सिंह दलाल ने की। पंचायत में किसान नेता रमेश दलाल को जुलाना हलके की ओर से सम्मानित किया गया। रमेश दलाल ने एनएच 152डी भूमि अधिग्रहण आंदोलन में अहम भूमिका निभाते हुए नौ गांवों के किसानों की जमीन का कलैक्टर रेट बढ़वा कर किसानों को उनका हक दिलाने का काम किया था। समगोत्र विवाह कानून और जाट आरक्षण की मांग को सरकार से मनवाने के लिए रमेश दलाल ने अपनी जिन्दगी को दाव पर लगा कर लगातार 17 दिन तक केएमपी मांडोठी आसौदा टोल बहादुरगढ़ में आमरण अनशन किया लेकिन रमेश दलाल ने आचार संहिता लगने तक आमरण अनशन जारी रखा और हार नहीं मानी। लोगों को संबोधित करते हुए रमेश दलाल ने कहा कि समगोत्र विवाह कानून से हमारा भाईचारा और सामाजिक ताना बाना बिगड़ रहा है। महापंचायत की मांग है कि इस कानून को रद करवाने के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी। 12 राज्यो के जाटों, त्यागी, बिश्नोई, रोड, मुले जाट और सिख जाट को ओबीसी का आरक्षण दिलवाने के कठिन संघर्ष किया ताकि बच्चों को रोजगार मिल सके। सम गोत्र विवाह, इसका मतलब एक गोत्र में शादी ना हो, एक गांव में ना हो।



**जुलाना।** नंदगढ़ गांव में आयोजित महापंचायत में मंच पर मौजूद रमेश दलाल व अन्य। **फोटो :हरिभूमि**

**SWAMI GANESHA NAND SANATAN DHARAM COLLAGE OF EDUCATION**

**UCHANA KALAN JIND**

**(Approved by NCTE & Affiliated to CRSU Jind)**

E-mail:principalsgnsduchana92@gmail.com Contact: 9416618175

Requirement of Teaching & Non-Teaching Staff in the Following Courses :

- **B.Ed. Teaching Staff:** Principal-1, Assistant Professor in Education (Prospective/Foundation in Education)-04, Languages, Science, Mathematics & Social Studies, Curriculum & Pedagogy Courses-8, Performing Arts/Dance/Music-1 & Physical Education & Yoga-1
- **Non-Teaching Staff:** Librarian-1, Lab Assistant-1, Office-cum-Account Assistant-1, Office Assistant-cum Computer Operator-1, Store-Keeper-1, Technical Asstt.-1, Lab Attendants /Helpers/ Supporting Staff-2,

**Note:** Salary and Qualification as per UGC/NCTE/University/State Govt. Norms. Apply along with self Attested Photocopies of all documents along with Two Photographs must be submitted in the office of the undersigned within 21 days from publication of this Advertisement. Same Copy of Application Form must be submitted in the Office of Dean of College, CRSU, Jind. The Application Form can be submitted through Post or By Hand or through E-Mail.

Director